<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के कार्यक्रम में किया संशोधन। प्रदेश में अब छब्बीस दिसम्बर तक भरे जाएंगे गणना प्रपत्र।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की आजमगढ़, वाराणसी और बरेली की विकास परियोजनाओं की समीक्षा। एसआईआर को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा– बढ़–चढ़कर सुनिश्चित करें भागीदारी।
- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने वाराणसी में देश के पहले हाइड्रोजन चालित जलयान को दिखाई हरी झंडी । कहा– व्यवसाय के साथ पर्यटन के लिए भी जलमार्ग को अनुकूल बना रही है सरकार।
- जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर प्रदेश में खोले जा रहे पशु औषधि केन्द्र।

**********

निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। एक रिपोर्ट–

**निर्वाचन आयोग की संशोधित समय सारणी के अनुसार उत्तर प्रदेश में अवधि छब्बीस दिसंबर तक बढ़ाई गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। प्रदेश के ड्राफ्ट सूची को अब इकतीस दिसंबर को जारी किया जाएगा। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर का काम पूरा करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह का समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जिसे अनुमति मिल गई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संशोधित तिथियों के अनुसार दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसंबर से 21 फरवरी तक गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

श्री रिणवा ने कल प्रदेश भर के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विधानसभाओं के मृतक, शिफ्टेड और अनुपस्थित मतदाताओं का एक बार फिर से गंभीरता के साथ सत्यापन कराया जाए।

**********

राज्यसभा में चुनाव सुधारों के बारे में कल चर्चा हुई। इसमें भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता सुंधाशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान राजनीतिक दलों को नकद चंदे की सीमा बीस हजार से घटाकर दो हजार कर दी गई।

**पूरे पूर्वी गोलार्ध में यदि एकमेव एब्सलूट वाइबरेंट एण्ड कंसिसटेंट डेमोक्रेसी है तो सिर्फ भारत आज दुनिया में लोकतंत्र के अंदर सिर्फ 34 प्रतिशत जनसंख्या है। जिसमें 17 प्रसेंनट हम है अर्थात अगर दुनिया में लोकतंत्र है तो उसका सबसे बड़ा स्तंभ आज अधुनिक युग में भी भारत ही है।**

कांग्रेस के अजय माकन ने निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग मतदान केन्द्रों से सीसीटीवी फुटेज जारी नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को अपनी विश्वसनीयता बहाल करनी चाहिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी, आजमगढ़ और बरेली में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास और जन–कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। श्री योगी ने बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की प्रगति की भी समीक्षा की। भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जन–प्रतिनिधियों से एसआईआर प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग का सहयोग करने की अपील की।

**प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री जी का यह बैठक संपन्न हुआ है। इसका मुख्य उदेश्य एएसआईआर कार्यक्रम को गति देने का सभी जनप्रतिनिधि सभी कार्यकर्ता मिलकर के यह प्रत्येक बूथों पर ऐसे जो अनमैपिंग डाटा है अभी जो शिफ्टेड है, जो अनट्रेस डाटा है उनको खोज करके और यह प्रयास करना कि कोई भी पात्र मतदाता छूट ना जाए। ऐसे एक–एक मतदाताओं से मिलकर के सहयोग करके उनको मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का जन्म हम सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।**

**********

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कल वाराणसी में देश के पहले हाइड्रोजन चालित जलयान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में निर्मित यह जलयान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री सोनोवाल ने कहा देश में व्यावसायिक के साथ ही पर्यटन के लिए भी जल मार्ग को अनुकूल बनाया जा रहा है।

**वाराणसी से हल्दिया तक इतना बड़ा स्ट्रेस जो है सारी स्ट्रेस को हम अधिक ऑपरेशनल बनाने के लिए चाहे कार्गो हो, चाहे पैसेंजर हो, चाहे क्रूज हो अलग–अलग भिन्न–भिन्न प्रकार की बेसल का हम इसका गतिविधियां बढ़ाएंगे और आप लोगों ने देखा है पिछले 11 साल में जो बदलाव संभव हुआ है यह सिर्फ इसलिए संभव हुई है कि माननीय प्रधानमंत्री जी की जो दूर दृष्टि नेतृत्व है, जो कुशल नेतृत्व है उनके नेतृत्व ने आज सभी सभी विभाग को सभी मंत्रालय को आज शक्ति दी है, दिशा दी है।**

वातानुकूलित क्रूज में कई आधुनिक सुविधाएं हैं। करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस जलयान में 50 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें सुरक्षा के भी व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

**********

केंद्र सरकार के पशु धन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत देश भर में पशु औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। यह व्यवस्था प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर लागू की जाएगी। अमरोहा जिले में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। अमरोहा की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आभा दत्त ने बताया कि योजना के संबंध में शासनादेश आ चुका है। पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

**********

वाराणसी के बौद्ध भिक्षुओं ने धमेक स्तूप में दित्वाह चक्रवात में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति और बेघर हुए लोगों के संबल के लिए प्रार्थना की। बौद्ध भिक्षु सुमेधथेरो ने इस आपदा में श्रीलंका के लोगों को भारत से मदद भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

**भारत में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने सबसे पहले आगे आकर श्रीलंका में इसी भयंकर घटना से आगे याने के लिए और पूरा मदद कर लिया सामग्री भेज आया और इस श्री यह पूरा भारत में बौद्ध सोसाइटी मंदिर संस्था सभी लोग तरफ से वर्ल्ड पुलिस कमिटी तरफ से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारत सरकार को धन्यवाद देना के लिए इसी अवसर पर यह पूजा आयोजन हुआ।**

**********

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम के तहत कल आयोजित शैक्षणिक सत्र को संबोधित किया। एक रिपोर्ट–

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में कुशल पेशेवरों और शिल्पकारों के लिए आयोजित पाचवें शैक्षणिक सत्र में केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम देश के दो प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को अदभुत रूप से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु से आए किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला का दर्षन पूजन किया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

केंद्र की इक्कीस नवंबर को लागू की गई नई श्रम संहिताएँ पूरे भारत में श्रमिकों की आजीविका को स्थिरता प्रदान करने के लिए हैं। एक रिपोर्ट–

**यह सुधार खनन, रासायनिक, पेट्रोलियम, धातु कर्म और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में सुरक्षित कार्य स्थल सुरक्षित करने के लिए अनिवार्य जोखिम आकलन पेश करता है। अभिनियोक्ताओं के लिए सुरक्षा उपकरण और बेहतर स्वच्छता की सुविधाएं साथ ही प्राथमिक उपचार प्रदान करना अनिवार्य है। इसके अलावा, नौकरी से पहले समय पर और जोखिम के बाद मेडिकल जांच अनिवार्य है और मजदूर मुक्त सालाना स्वास्थ्य जांच के हकदार है। यह सुधार गर्भवती महिलाओं और किशोरों को जीवन घातक उद्योगों से बचाते हैं। जिससे सुरक्षित श्रम कार्यशैली को मजबूती मिलती है। दृष्टि के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में ठंड के मौसम ने जोर पकड़ लिया है। अधिकांश जिलों में तापमान में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। पूर्वी जिलों में कोहरे के चलते धूप की चमक भी प्रभावित हो रही है। इससे रात के साथ–साथ दिन का तापमान भी गिर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिन तक घना कोहरा पड़ेगा और ठंड में बढोत्तरी होगी।

**********